

# साप्ताहिक सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंचायती राज फंड मॉनिटरिंग सिस्टम

(दिनांक 07.06.21)




**विषय: पंचायती राज फंड मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पंचायती राज डिपार्टमेंट के तहत समस्त पंचायतों और अर्बन लोकल बॉडी को मिलने वाली अनुदान राशि की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया है। जिसके माध्यम से राज्य और केन्द्र की ओर से मिलने वाली अनुदान राशि की निगरानी और समीक्षा की जा सकेगी। इस ऑनलाइन सिस्टम के बनने के बाद :–

- पंचायतों को मिलने वाली अनुदान राशि में पादर्शिता आएगी।
- पंचायतों द्वारा मिलने वाली राशि के उपयोग की समीक्षा की जा सकेगी।
- सभी पंचायतों को उनकी आबादी के अनुपात में सही अनुदान राशि दी जा सकेगी।

जल्द ही इस पूरे सिस्टम को एक पोर्टल के माध्यम से आनॅलाइन रूप में लागू किया जा सकेगा।

## पंचकूला के विकास के संबधं में प्रेस वार्ता


(दिनांक 08.06.21)

**विषय: पंचकूला के विकास के संबधं में प्रेस वार्ता।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पचंकूला के आगामी विकास और योजना को लेकर पंचकूला में ही प्रेस वार्ता की गई। जिसमें मुख्यमंत्री जी द्वारा कई अहम योजनाओं और प्रोजेक्ट की जानकारी प्रेस के माध्यम से हरियाणा के लोगों को दी गई। जोंकि इस प्रकार हैं :–

- गुरूग्राम और फरीदाबाद की तर्ज पर पचंकूला के विकास के लिए एक डेवलपमेंट आर्थारिटी बनाई जाएगी जिसे पचंकूला मेट्रोपॉलिटीन डेवलपमेंट आर्थारिटी PMDA नाम दिया गया है।
- चण्डीगढ़ एयरपोर्ट को सड़क के माध्यम से सीधा पंचकूला से जोड़ा जाएगा।
- पूरे मोरनी एरिया में सड़कों का जाल बिछाकर इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।
- पंचकूला के चारों तरफ चण्डीगढ़ के इर्द–गिर्द रिंग रोड़ का निर्माण किया जाएगा।
- रामगढ़ से हिमाचल के परमाणु तक सड़क बनाकर इन्हें जोड़ा जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- पिंजोर हवाई पट्टी को हवाई यात्रा के अनुरूप विकसित किया जाएगा और जल्द ही Air Taxi की शुरूआत की जाएगी।
- पंचकूला के लिए टाउन और कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट की आरे से लगने वाले डेवलपर चार्च को एक तिहाई कर दिया गया है।
- थापली में स्वास्थ्य की दृष्टि से एक पंचकर्मा सेंटर बनाया जाएगा।
- आई.टी. पार्क और फार्मा इण्डस्ट्री को विकसित किया जाएगा।
- 60 एकड़ भूमि पर एक फिल्म सिटी और पचंकूला के सेक्टर 23 में फेशन स्टडी के लिए फेशन का नेशनल इंस्टीटयूटर NIFT बनाया जाएगा।
- 20 जून 2021 से मोरनी मेकं पर्यटन की दृष्टि से पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग शुरू कर दी जाएगी।
- पंचकूला में ही एक म्यूजियम भी बनाया जाएगा जिसका तृतीय तल जिला पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्रीं जी ने यह भी घोाषणा की कि हरियाणा के अन्य जिलों के लिए भी जल्द ही डेवलपमेंट प्लान लाए जाएंगे।

## सभी जिला अध्यक्षों के साथ वीडियों कान्फ्रेंस


(दिनांक 09.06.2021)



**विषय: सभी जिला अध्यक्षों के साथ वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अपनी जिला अध्यक्षों के साथ होने वाली मासिक बैठक का आयोजन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया जिसमें उन्होनें प्रधानमंत्री जी द्वारा की गई घोषण ाा 18 वालों को भी 21 जून से मुफ्त वैक्सीनेशन और गरीबों को दीपावली तक मुफ्त राशन देने के लिए आभार और धन्यवाद प्रकट किया साथ ही सभी जिला अध्यक्षों को निम्न कार्यों के लिए निर्देशित किया जिनमें :–

- साप्ताहिक सूचना पत्रक का जिले के सभी कार्यकर्ताओं और लोगों तक वितरण सुनिष्चित करना।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- अपने–2 जिले में सोशल मीडिया की टीम का गठन करना जो सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही अफवाहों और गलत जानकारी का उत्तर दे सके और प्रतिकार कर सके।
- सभी लोगों को परिवार पहचान पत्र से जोड़ना और उसके लिए किए जा रहे इनकम वेरिफिकेशन के काम को जल्द और सुचारू रूप से पूरा करना।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमत्रीं जी ने पार्टी के ऐसे सभी कार्यकर्ताओ और लोगों के लिए जिन्हें कोई कार्य या दायित्व नहीं दिया गया है उनके लिए BJP वालेंटयर्स प्लेटफार्म बनाने की बात भी कही जिसमें ऐसे सभी लोगों को जोड़ा जा सकेगा।

## सॉइल हल्थ कार्य योजना


(दिनांक 09.06.21)



**विषय: सॉइल हल्थ कार्य योजना की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सॉइल हेल्थ कार्य योजना की समीक्षा की गई जिसमें विभाग द्वारा बताया गया कि हरियाणा में कुल 75 लाख भूमि की सॉइल टेस्टिंग की जानी है। इस अवसर पर निम्न निर्णय लिए गए :–

- 75 लाख सॉइल हेल्थ कार्य बनाने के लक्ष्य को तीन सालों में पूरा किया जाएगा। जिसमें इस वर्ष 25 लाख एकड़ भूमि की टेस्टिंग की जाएगी।
- प्रत्येक सॉइल टेस्ट प्रति एकड़ भूमि पर किया जाएगा।
- सॉइल टस्टिंग के लिए स्कूल और विज्ञान संकाय के कॉलेजों में भी लैब खोली जाएंगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- सॉइल टेस्टिंग के बाद हर गावं का एक भूमि उर्वरकता मानचित्र Soil Fartility Map बनाया जाएगा जिससे पता चल सके वहां क्या बोना चाहिए और कौन सी खाद्य का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
- स्कूल कॉलेज की लैब में मिट्टी की टेस्टिंग करने वाले बच्चों को Earn by Learn योजना के तहत 40 रूप्ये दिए जाएंगे।
- प्रति एकड़ सॉइल टेस्ट के लिए किसानों से 10 रूप्ये चार्ज लिया जाएगा।
- इसके साथ ही गांव के ही पढ़े लिखे युवाओं को किसानों की सहायता के लिए किसान सहायक योजना के तहत किसानों के साथ जोड़ जाएगा।

## विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह


(दिनांक 10.06.21)



**विषय: विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चण्डीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट और योजनाओं का शिलान्यास किया इसमें:–

- 1170 करोड़ की लगभग 100 से अधिक प्रोजेक्ट और योजनाएं शामिल।
- यह प्रोजेक्ट हरियाणा के 16 जिलों से संबंधित है।
- इन योजनाओं और प्रोजेक्ट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई इण्डस्ट्री, सडक़, रेल और अन्य कई विभाग शामिल थे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के समग्र विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक के अपने सकंल्प को भी दोहराया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रगतिशील किसान सम्मेलन

(दिनांक 11.06.21)






**विषय: प्रगतिशील किसान सम्मेलन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद कर कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और मुद्दो पर चर्चा की। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल महामहिम श्री आचार्य देवव्रत जी भी मौजूद थे। जिन्होंने किसानों के साथ प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और किसानों से केमिकल आरै फर्टिलाइजर को छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमत्रीं जी ने भी किसानों से माइक्रो इरिगेशन अपनाकर पानी बचाने और प्राकृतिक खेती की और बढ़ने की अपील की।